<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1327

24 जुलाई, 2017 को उत्तर के लिए

एसएआईएल का पुनरुद्धार

1327. **कुमारी शोभा कारान्दलाजेः**
श्री प्रताप सिम्हाः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने एसएआईएल के पुनरुद्धार में मदद करने के लिए विशेषज्ञ पैनल गठित किया है, जब सरकार की समीक्षा में पाया गया कि विगत आठ वर्षों में 10 बिलियन डॉलर से अधिक व्यय करने के बावजूद कंपनी को काफी कम दक्ष पाया गया;

(ख) यदि हां, तो पैनल की संरचना और विचारार्थ विषय क्या है और पैनल द्वारा अपनी रिपोर्ट कब तक प्रस्तुत किए जाने की संभावना है;

(ग) क्या एसएआईएल संरक्षात्मक उपायों का लाभ लेने में असफल रहा है, जिसने चीन की इस्पात से प्रतिस्पर्धी मूल्य देने और अपने लाभ को सुधारने में निजी कंपनियों की मदद की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या अंतर्राष्ट्रीय दक्षता मानकों और निजी भारतीय कंपनियों की तुलना में एसएआईएल का प्रदर्शन घटिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा उत्पादन लागत को कम करने और एसएआईएल की ब्रांडिंग और विपणन में सुधार हेतु क्या कदम उठाए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

<u>इस्पात राज्य मंत्री</u> **<u>श्री विष्णु देव साय</u>**

(क) और (ख): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के पुनरुद्धार हेतु एक समिति गठित की गई है जिसमें इस्पात मंत्रालय और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों से सदस्य तथा तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं। समिति के विचारार्थ विषयों में उत्पादन और बिक्री को बढ़ाने तथा सेल की वित्तीय स्थिति को सुधारने पर जोर देने हेतु एक योजना तैयार करना शामिल है। तकनीकी विशेषज्ञ, जोकि समिति के सदस्य हैं, सेल की यूनिटों में सुधार के लिए विशेष उपायों का सुझाव देंगे।

(ग): सरकार द्वारा वर्ष 2016-17 में किए गए उपायों के कारण सेल अपनी घरेलू बिक्री को वर्ष 2015-16 में 11.901 एमटी से बढ़ाकर वर्ष 2016-17 में 12.436 एमटी कर सका है (4 प्रतिशत की वृद्धि)। सेल की अपनी बाजार हिस्सेदारी वर्ष 2015-16 में 13.7 प्रतिशत

से सुधरकर वर्ष 2016-17 में 14.0 प्रतिशत हो गई है। इसके अतिरिक्त, सेल का सकल मार्जिन (ईबीआईडीटीए) वर्ष 2015-16 में (-)2204 से सुधरकर वर्ष 2016-17 में (+)672 हो गया है।

(घ): सेल द्वारा आधुनिकीकरण एवं विस्तार योजना के तहत अधिष्ठापित की गई नई परियोजनाओं के संबंध में सेल के पैरामीटर नवीनतम हैं और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के समान हैं।

(ङ): सेल ने उत्पादन लागत को कम करने और सेल की ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग में सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण उपाय किए हैं जिनमें अन्य के साथ-साथ निम्न शामिल हैं:

i) उत्पादन-मिश्र को समृद्ध बनाना और नई सुविधाओं से उत्पादन को अधिकतम बनाना;
ii) बीएफ कोक की आवश्यकता को कम करने के लिए ब्लास्ट फर्नेसों में कोल डस्ट इंजक्शन में वृद्धि करना;
iii) किफायती कंटीन्यूयस कास्टिंग रुट के जरिए क्रूड इस्पात का उत्पादन करना;
iv) उत्पाद का प्रचार-प्रसार करने के लिए ग्राहक सम्मेलन एवं सेमिनार का आयोजन करना;
v) ग्राहकों के लिए उपयोगिता बढ़ाने और साथ ही सेल के प्रोडक्ट बास्केट को बढ़ाने के लिए अप्रैल, 2017 में ‘विशेष पहल ग्रुप’ का सृजन।

*****